प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 02.05.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर कल झारखण्ड पहुंचेंगे, रांची में रोड शो और चाईबासा में जनसभा को करेंगे संबोधित, 4 मई को पलामू के चियांकी और गुमला के सिसई में करेंगे चुनाव प्रचार।

2- एनडीए प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने पांचवे चरण के लिए कोडरमा से किया नामांकन और संजय सेठ छठे चरण के लिए कुछ देर में रांची से करेंगे नामांकन।

3- केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के फेक वीडियो मामले में दिल्ली पुलिस की पूछताछ में शामिल नहीं हुए झारखंड कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कहा– कानूनी सलाह के बाद दिल्ली पुलिस के नोटिस पर लेंगे फैसला।

4- वैशाली रमेश बाबू को आधिकारिक तौर पर अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ, फिडे ने ग्रैंडमास्टर के खिताब से किया सम्मानित कोनेरू हम्पी और हरिका द्रोणावल्ली के बाद तीसरी भारतीय महिला ग्रैंडमास्टर बनी।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिवसीय चुनावी दौरे पर कल झारखण्ड पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री कल रांची में रोड शो के माध्यम से एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। साथ ही श्री मोदी कल चाइबासा में भी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए गीता कोड़ा और अर्जुन मुण्डा के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। प्रधानमंत्री कल रांची राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे।

वहीं, 4 मई को प्रधानमंत्री पलामू के चियांकी में एनडीए प्रत्याशी बीडी राम और गुमला के सिसई में समीर उरांव के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उनके सभा स्थल पर अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती कर दी गई है।

*******************

कोडरमा लोकसभा से एनडीए की प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने आज पांचवे चरण के लिए गिरिडीह समाहरणालय में अपना नामांकन का पर्चा दाखिल किया। उनके नामांकन में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी शामिल हुए। नामांकन के बाद अन्नपूर्णा देवी गिरिडीह के सर्कस मैदान में आयोजित जनसभा को भी संबोधित करेंगी। जनसभा में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शामिल होंगे।

वहीं, रांची लोकसभा से संजय सेठ कुछ देर में छठे चरण के लिए अपना नामांकन दाखिल करेंगे। संजय सेठ ने नामांकन से पूर्व रांची के मोराबादी मैदान में जनसभा को संबोधित किया। इस मौके पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, राज्यसभा सांसद आदित्य शाहू, विधायक सीपी सिंह, समारी लाल, पूर्व सांसद महेश पोद्दार, अजय मारु, पूर्व विधायक राम कुमार पाहन और जदयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो समेत कई वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

*******************

रांची के व्यवसायी अग्रवाल बंधुओं की हत्या मामले में उच्च न्यायालय ने आजीवन सजायाफ्ता लोकेश कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी। बता दें कि राजधानी रांची के अशोकनगर में 6 मार्च 2019 को अग्रवाल बंधुओं की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मुख्य अभियुक्त लोकश कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। आज लोकेश कुमार की जमानत याचिका पर उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई जहां अदालत ने याचिका खारिज कर दी।

*******************

जमशेदपुर के खासमहल स्थित सदर अस्पताल में सुविधाएं बढ़ायी जा रही हैं।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज

All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।
प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

******************

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का फेक वीडियो सोशल मीडिया 'एक्स' पर अपलोड करने के मामले में झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर दिल्ली पुलिस की जांच में आज शामिल नहीं हुए। राजेश ठाकुर ने रांची में प्रदेश के नेताओं के साथ बैठक की। प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर के साथ वे आज लोहरदगा जाएंगे।

बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का फेक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल करने के आरोप में झारखंड कांग्रेस के सोशल मीडिया 'एक्स' अकाउंट को पूरे भारत में बैन कर दिया गया है। इस मामले में झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर को आज पूछताछ के लिए दिल्ली पुलिस ने बुलाया था। राजेश ठाकुर ने कहा कि वह कानूनी सलाह लेंगे और उसके बाद दिल्ली पुलिस के नोटिस पर क्या करना है, उसका फैसला करेंगे।

******************

यात्रियों की संख्या बहुत कम होने की वजह से रांची–भागलपुर साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन और रांची–इस्लामपुर साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन की विशेष फेरों को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया गया है। अगले आदेश के बाद ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा।

******************

और अब कुछ संक्षिप्त खबरें –

- सरायकेला जिले के श्रमिकों को श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। श्रम विभाग और जिला विधिक सेवा प्राधिकार के संयुक्त कार्यक्रम में मजदूरों को लाभ पहुंचाने वाली विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी।
- खरसावां प्रखंड को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर ट्रेलर की चपेट में आने से एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान हंसडीहा निवासी लोकेश के रूप में की गई है।
- मजदूर दिवस पर स्वस्थ चांडिल संस्था ने एकदिवसीय स्वेच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया। जमशेदपुर एमजीएम ब्लड बैंक के सौजन्य से आयोजित रक्तदान शिविर में 51 रक्तदाताओं ने अपना रक्तदान किया।
- गिरिडीह शहर के मौलाना आजाद चौक के समीप एक कपड़ा दुकान में कल शाम आग लग गई। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग में काबू पाया।
- गोड्डा जिले में भीषण गर्मी को देखते हुए लोगों को पीने का पानी सुविधापूर्वक मिले इसके लिए प्रशासनिक व्यवस्थाएं की गई हैं। पेयजल की पूर्ति के लिए प्रशासनिक स्तर पर हर एक प्रखंड में टीम गठित की गई है। गोड्डा जिले के पेय जल एवं स्वच्छता प्रमंडल को ऐसी सभी शिकायतों पर जल्द कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।
- जमशेदपुर के बिरसा नगर थाना क्षेत्र के पास स्वर्ण रेखा नदी में एक छात्र के डूब जाने से मौत हो गई। आर्यन झा कक्षा आठ का छात्र था। पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन कर रही है।

******************

बुंडू स्थित सूर्य मंदिर के समीप कल देर शाम 4 गाड़ियों के आपस में टकराने से भीषण सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सड़क हादसे की सूचना पर बुंडू पुलिस मौके पर पहुंची

और सभी घायलों को बुंडू अस्पताल भेजा गया जहां घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए सभी को रिम्स रेफर कर दिया गया।

******************

भारतीय शतरंज की स्टार वैशाली रमेश बाबू को आधिकारिक तौर पर अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ, फिडे ने ग्रैंडमास्टर के खिताब से सम्मानित किया है। कोनेरू हम्पी और हरिका द्रोणावल्ली के बाद वैशाली तीसरी भारतीय महिला ग्रैंडमास्टर हैं जिन्होंने ये उपलब्धि हासिल की है। वैशाली ने पिछले साल स्पेन में लोब्रेगेट ओपन टूर्नामेंट में अपेक्षित 2500 ईएलओ अंक पूरे किए। वैशाली के लिए भी ग्रैंडमास्टर की उपाधि एक अद्वितीय गौरव है, क्योंकि वह और उनके भाई, रमेशबाबू प्रगनानंद, दुनिया के पहले ग्रैंडमास्टर भाई–बहन की जोड़ी बन गए हैं।

******************

झारखंड भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। राज्य के कई इलाकों में गर्म हवाओं से राहत की उम्मीद नहीं है। अगले चौबीस घंटे के दौरान अधिकतम तापमान में बड़े बदलाव की संभावना नहीं हैं। रांची स्थित मौसम विज्ञान केन्द्र के अनुसार आगामी पांच मई तक राज्य के कई इलाकों में हीट वेव चलने की संभावना है। केन्द्र के अनुसार दो और तीन मई को सरायकेला–खरसावां, पश्चिमी तथा पूर्वी सिंहभूम, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, देवघर, जामताड़ा, गोड्डा, पाकुड़, दुमका और साहिबगंज जिले में हीट वेव चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने झारखंड के 11 जिलों में भीषण गर्मी पड़ने का 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है।

******समाप्त******